THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF CHEMICALS AND FERTILIZERS (DR. A.K. PATEL): (a) HFC expects to be able to award the contract for implementation of the Namrup Rehabilitation Project by August 1998. The completion of the Project would take 30 months from the award of the contract.

(b) After implementation of the rehabilitation package, the Namrup Units are likely to produce 5.30 lakh MT of urea per annum as against the average annual production of 1.90 lakh MT during the last three years.

(c) The decision in respect of the rehabilitiation of the Namrup units of HFC has already been taken.

उर्वरक उत्पादन क्षेत्र में निवेश के संबंध में राष्ट्रीय-स्तर पर गिरावट आना

4133. **श्री अनन्तराय देवशंकर दवे**: क्या रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या राष्ट्रीय-स्तर पर उर्वरक उत्पादन क्षेत्र में निवेश में लगातार गिरावट आ रही है,

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं,

(ग) क्या सरकार ने उर्वरकों के क्षेत्र में निवेश को बढ़ाने हेतु कोई योजना तैयार की है,

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस योजना को कब तक कार्यान्वित किये जाने की संभावना है,

(ङ) क्या इस संबंध में किसी समिति का गठन किया गया है, और

(च) यदि हां, तो उक्त समिति की रिपोर्ट कब तक प्रस्तुत किये जाने की संभावना है ?

रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा. ए. के. पटेल): (क) और (ख) 1992-93 से देश में निम्नलिखित नई उर्वरक क्षमताओं में वृद्धि हुई है:-

(लाख टन प्रतिवर्ष)

यूरिया	57.24
डी. ए. पी.	1.27
अन्य मिश्रित उर्वरक	5.75
एस. एस. पी .	1.00

(ग) और (घ) उर्वरक उत्पान के क्षेत्र के क्षेत्र में निवेश को प्रोत्साहित देने हेतु अपनाई गई नीति के मुख्य घटक इस प्रकार है:-

(i) घरेलू युरिया उद्योग को प्रतिधारण मूल्य-सह राजसहायता स्कमी तथा भाड़ा सब्सिडी के माध्यम से सहायता दी जाती है।

(ii) उर्वरक उद्योग की फीड स्टाक, ईधन और रेल संचालन में संयोजन के संबंध में सहायता दी जाती है ।

(iii) उर्वरक संयंत्र की स्थापना करने के लिए औद्योगिक लाइसेंस की सामान्यत: आवश्यकता नहीं है।

(iv) उर्वरक उद्योग के लिए पूंजीगत मालों की आपूर्ति के संबंध में आयात शुल्क में छूट तथा निर्यात सम लाभ के रूप में रिवायते दी जाती है।

(v) नियंत्रणमुक्त फारफेटिक और पोटेसिक उर्वरकों की जाती पर रियायतों की एक स्कीम लाग की गई है ताकि इनके फार्गेट मूल्यों को कम करके इनकी यात्रा को बढ़ावा दिया जा सके।

(ङ) और (च) यूरिया पर सब्सिडी की वर्तमान पद्धति की समीक्षा करने एक वैकल्पिक विस्तृत आधार वाली वैज्ञानिक तथा बारदर्शी पद्धति का सुरक्षा देने तथा इस उद्योग के विभिन्न क्षेत्रों पर लागू नीतियों में और अधिक सामंजस्यता के लिए उपायों की अनुशंसा करने हेतु एक उच्चाधिकार प्राप्त उर्वरक मूल्य निर्धारण नीति समीक्षा समिति गठित की गई थी। समिति ने अपूर्ती रिपोर्ट 3.4.1998 को प्रस्तुत कर दी है।

सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के लिए निर्धारित किया गया योजना परिचय

4134. **श्री दिलीप सिंह जूदेव**: क्या रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि वर्ष 1997-98 के दौरान रसायन और उर्वरक मंत्रालय के अंतर्गत सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के लिए कितना योजना परिष्यय निर्धारित किया गया?